निरीक्षण आख्या कार्यालय सहायक निदेशक खेल, कुमाऊँ मण्डल, हल्द्वानी द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार की गयी है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण सूचना अथवा अप्राप्त सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय सहायक निदेशक खेल, कुमाऊँ मण्डल, हल्द्वानी की माह 06/2013 से 04/2016 तक के अभिलेखों की लेखापरीक्षा श्री संतोष कुमार गुप्ता, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी, श्री भानुप्रताप सिंह, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री विजय कुमार, वरिष्ठ लेखापरीक्षक द्वारा दिनांक 20.06.2016 से 23.06.2016 तक सम्पादित सम्प्रेक्षा पर आधारित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन।

भाग–प्रथम

(अ) परिचयात्मक : इस कार्यालय की विगत लेखापरीक्षा सर्वश्री राकेश कुमार, लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री रविन्द्र कुमार, वरि. लेखापरीक्षक द्वारा दिनांक 29.06.11 से 02.07.11 तक में सम्पन्न हुई थी। जिसमें खण्ड में माह 05/2005 से 5/2011 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।

1. लेखापरीक्षा अवधि में निम्न अधिकारियों ने कार्यालयाध्यक्ष का पदभार संभाले रखा–

क्र0सं0	नाम	अवधि
1	श्री विनोद कुमार वर्मा	24.06.2011 से 30.11.2012 तक
2	श्री अख्तर अली	07.12.2012 से वर्तमान तक

3. विगत सम्प्रेक्षा से अब तक निम्नलिखित खण्डीय लेखाधिकारी खण्ड में सम्बद्ध रहे– रिक्त

4. विगत लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अद्यतन स्थिति – शून्य

5. सतत् अनियमितताएं – शून्य

6. अप्रस्तुत अभिलेख (कारण सहित): – शून्य

7. बजटः – (धनराशि ` लाख में)

वर्ष	स्थापना	
	आवंटन	व्यय
2013–14	101.38	98.77
2014–15	111.07	110.99
2015–16	125.17	125.17

भाग–दो 'ब'

प्रस्तर 1 : ` 208.35 करोड़ के परियोजनाओं के निर्माण में अनुश्रवण की कमी।

इकाई की लेखापरीक्षा के दौरान निर्माण संबंधी अभिलेखों की जांच में पाया गया कि निम्नलिखित निर्माण कार्य निदेशालय द्वारा इकाई के पर्यवेक्षण में कराया जा रहा है–

क्र.सं.	कार्य का नाम	निर्माण एजेंसी	स्वीकृत धनराशि (` करोड़ में)	अवमुक्त / प्रयुक्त धनराशि (` करोड़ में)	कार्य प्रारम्भ की तिथि	एमओयू के अनुसार कार्य समाप्त होने की तिथि	कार्य की वर्तमान स्थिति
1.	हल्द्वानी इंडोर स्पोर्ट्स का निर्माण कार्य, हल्द्वानी	उ.प्र. राजकीय निर्माण निगम लि. हल्द्वानी	14.35	8.85	अप्रैल 2015	दिसबंर 2016 (21 माह / 15 माह)	प्रगति पर (61.67 प्रतिशत वित्तीय)
2.	अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य, गोलापार	एन.सी.सी. हैदराबाद	194	86.67	अक्टूबर 2014	अगस्त 2016 (24 माह / 21 माह)	प्रगति पर (44.67 प्रतिशत वित्तीय)

पर्यवेक्षक के रूप में इकाई द्वारा कार्य का अनुश्रवण, संयोजन, निर्देशन एवं निदेशालय को मासिक प्रगति प्रतिवेदन भेजा जाना था। उपरोक्त विवरण से स्पष्ट होता है कि हल्द्वानी इंडोर स्पोर्ट्स का निर्माण कार्य के लिए 21 माह के निर्धारित समय में से 15 माह व्यतीत हो जाने के बावजूद 61.67 प्रतिशत एवं अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कार्य निर्धारित 24 माह में से 21 माह बीत जाने के बावजूद महज 44.67 प्रतिशत (वित्तीय) प्रगति हुई है। उपरोक्त वित्तीय प्रगति के सापेक्ष भौतिक प्रगति के आंकड़ों के बारे में लेखापरीक्षा द्वारा पूछे जाने पर निर्माण एजेंसी से पूछ कर अवगत कराने की बात कही गई।

कार्य की धीमी प्रगति के कारणाों के बारे में संप्रेक्षा द्वारा पूछे जाने पर इकाई ने अपने उत्तर में कहा है कि निर्धारित समय में कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु निर्माण एजेंसी से पत्राचार किया जाएगा।

उत्तर संप्रेक्षा को मान्य नहीं है क्योंकि अब तक स्वतः संज्ञान लेकर कार्य की धीमी प्रगति के बारे इकाई द्वारा निर्माण एजेंसी से कोई पत्राचार नहीं किया गया है। साथ ही इकाई के पास भौतिक प्रगति के आंकड़ो की अनुपलब्धता इकाई द्वारा कार्य के अनुश्रवण की कमी को दर्शाती है।

इस प्रकार ` 208.35 करोड़ के परियोजनाओं के निर्माण में अनुश्रवण की कमी का प्रकरण उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाया जाता है।

भाग–तीन

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमिततायें, जिनका समाधान/निरकारण लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं किया जा सका है, उन्हें पृथक रूप से नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर अलग से सहायक निदेशक, खेल कुमाऊँ मण्डल, हल्द्वानी को इस आशय से प्रेषित की गयी की वे लेखापरीक्षा टिप्पणी की प्राप्ति के एक माह के अन्दर उसकी अनुपालन आख्या सीधे वरिष्ठ उपमहालेखाकार/सामाजिक क्षेत्र, कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, सी–1/105 वैभव पैलेस, इन्दिरानगर, देहरादून को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी
(सामाजिक क्षेत्र)